SHRl VISHVJIT PRTTHVIJIT SINGH:... and page 195. I am talking about the First Schedule and then about the Ninth Schedule. In all these instances, wherever Bombay is referred to—and there are lots of references to Bombay—in the Hindi version it is called *'Mumbai".* Every where it is called *'Mumbai'.*

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: In Marathi also.

SHRl VISHVJIT PRTTHVniT SINGH: In Marathi also, but that- is a different matter. I am talking about Hindi; It is referred to as *'MumbaP* in Hindi. I would like t_0 make a Tequest to the hon. Minister. I have seen at the railway platforms that in Hindi you have written *'Bombay'.* Now *'Bombay'* does not anything. There is either Bombay oi 'Mumbai'. I would be verv grateful if -the hon. Minister could kindly issue instructions that the sign-boards in Hindi at all the station$_s$ in Bombay would read properly as per the Constitution of India* which according to me, is supreme; jt must read *'Mumbai'*

With these words, Mr. Vice-Chairman, Sir, I once again express my reservation* but I fully support this Bill. Thank you-

SHRI ALADI ARUNA *alias* V ARUNACHALAM (Tamil Nadu); Sir, i would like to say a few words en the Railway Appropriation Bill. I am aware of the difficulty that the Railway Ministry has to face in raising resources. Upto the year 1960, the allocation of funds by Planning Commission to the Railway Ministry was nearly 15 per cent. Unfortunately, after 1960, it has been reduced to 7 per cent. Therefore, there is financial constraint Oj) the railways; there is no doubt about it. Though there is financial constraint on the railways, it is unfair On the part of the Railway Minister to raise the freight charges by 15 per cent at a time with a view to getting additional revenue to the extent of Rs. 3020 crores for the current financial year. It is stated that due to the acceptance of the recommendations of the Fourth Pay Commission, railway has been forced to raise its revenues to meet the additional expenses of Rs. 520 crores. But by one stroke, instead of raising the re» venues to the extent of Rs. 520 crores^ he has raised the revenues to the extent of Rs. 1000 crores. If We follow this policv of increasing freight rates without considering the burden that it will put on fne public, the net result rs I'^at there will be inflation. The Railway Board mutf come forward to increase its efficiency, mobilise its resources and increase its established capacity. without causing burden to the public.

In thi/; context, I would like to mention some of the matters exclusively relating to our State. The uroer?'s of the work on the Madras rapid transit system is quite inadeauate. The protect was approved by the Planning Commission in 1980. The total estimate of the Prolect at present i$_s$ Rs. 170. 39 crores, but the amount fa-- allotted *U* onlv Rs. 14. H0 crores. The unpleasant information is that the overal phvsical progress of th-; *mc&tt* is only 9. 7 per cent. Another painful factor i t that even the meagre amount so *tu*

(Shri Aladi Aruna *alias* V. Aruna-chalam)

allotted to the extent of about Rs. 14 crores has not been spent properly. *So* far the Railway Department has spent Rs. 1. 3 crores only. Regarding these projects, another most important issue for the consideration of the House is the financial assistance asked for by the Railway Ministry from the State. It is a peculiar phenomenon which the Centre is triyng to create. Sir, the House is aware of the fact that railways is a Central subject and tht State is expected to cooperate with all the projects or programmes or whatever it may be of the Centre. But, at the same time, to approach the State for financial assistance for the completion of a project is a highly unpleasant and unconstitutional thing.

Sir, the implementation of the Karur-Dindigul project is very disappointing. The cost of the project is Rs. 98 crores. So far the Railway Ministry has spent Rs. 25. 43 crores only. The allotment for the year is only 0. 38 crores of rupees. Fortunately, our honourable Minister has gtren an additional allocation. The most important point is, the Railway Ministry has not come forward to allot more funds only because the Planning Commission hag not given priority to this project. So. it is the responsibility of the Railway Ministry to obtained the priority from the Planning Commission because the criterion fixed by the Planning Commission is applicable to this project. But, unfortunately, the Railway Ministry has not taken prompt steps to get the priority from the Planning Commission. Therefore, I earnestly request the honourable Minister to give effective representation to the Planning Commission and -obtain the. priority.

Sir. in this connection I would like to mention one of the important labour problems obtaining in the Karur-Dindigul project. in the beginning of the work, a few casual project labourers were absorbed in Karur and they are working between Karur and Dindigul. They are the employees of the Madurai Division but only because at the time of recruitment they were recruited at the Karur office, now they are treated as workers of the Palghat Division. This affects their seniority and other benefits. When this matter was referred to the General Manager of the Southern Railway, he said that unfortunately on the ground that they were absorbed by th*. Karur office, it would not be possible for the railway department to accept them as employees of the Madurai Elivision. The argument of the General Manager of the Southern Railway is an unreasonable and unacceptable one. Therefore, I earnestly request the honourable Miinster to accept the demand of the casual workers for their absorption in the Madurai Division.

Sir, the south is always in the grip of summer. The classification of seasons there is that summer is there always. It is jocularly remarked that it is hot, hotter and hottest. At least in the north winter is there for three to four months. But the sun is unkind towards the south throughout the year. Therefore, A. C. facilities are more essential for the south rafher than the north. Airconditioned coach facility in the south is very little. I have to mention that on important lines between Villupuram and Trichy, Thanjavur and Kumbakonam, no train is provided with A. C. coaches. So, it is all the more important there.

AN HONOURABLE MEMBER: Air-conditioned sleeper coaches.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM; It is very important to have AC sleeper coaches on those lines.

Another most important thing is, we have introduced the Vaigai Express, prestigious express and Pallavan Express, a very fast express, but the traffic is very poor because they are running in daytime. There is no AC sleeper coach or AC chair car facility there. I have to remind you that I have repeatedly been emphasizing i, n this House, on so many occasions, that so far there is no *AC* chair car facility on the metre gauge anywhere in India. No step has so far been take by the Government to introduce it on the metre gauge. So, T request the Minister to introduce AC chair car facility on our metre gauge system, particularly in-the Vaigai and Pallavan expresses.

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Minister, kindly take note of this point.

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: I aiifc doing it.

SHRl ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM; Sir, this is an important policy matter. Because nothing is beiiij done by the Railway Ministry we are repeating the matter for the attention oi this House. In 1985 in the Madras Division some Trainees Fitters in the Mechanical Department were absorbed without due publicity, without genuine formalities. It was pointed out to the notice of the General Manager of that time, Mr. Arjun Prasad, by the hon. Members of Parliament. Then, Sir, there was. a compromise. Then the compromise was that 25 per cent of the trainees must be recruited thereafter by due publicity. Then publicity was given. The recruitment was done by the concerned officer. Now the present Divisional Manager ordered for another selection ignoring the earlier panel which was selected by the earlier General Manager, Mr. Arjun Prasad. Therefore, I would request the Minister to stop the new selection and give effect to the list earlier prepared with the interference of the hon. Members of Parliament.

Another important burning problem is non-absorbing of 164 candidates in *tht* Golden Rock Workshop. There was a panel of 1, 400 candidates in the year 1985 for the post of Khalasis. Then due to the generous attitude of the Government exemption was given up to the year 1984. Nearly 1, 200 candidates have been so far absorbed. Now the exemption has beea •withdrawn. Nearly 164 candidates have not been selected. Sir, we have shown great sympathy towards these candidates. I further request the horn. Minister to extend the concession to these **164** candidates for their welfare.

Then, Sir, before I conclude my speech, the most important thing is about th* model j-ailway stations. Sir, it is a new programme now formulated by our young Railway Minister. We welcome it, we appreciate it because in stations where the traffic is very heavy, new features must be introduced. There is no difference ot opinion. But in adopting the policy the Ministry is expected to be balanced, judi cious and impartial. Yesterday when he was giving answer to a supplementary, the information give,, was much unpleasant •nd shocking to us. In Uttar Pradesh the Ministry has selected nearly 66 modei-. - stations.

SHRI J. P, GOYAL (Uttar Pradesh); Out of 66. in the entire country, 11 wer« = in Uttar Pradesh.

SHRl ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: Is it so?

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Out cf 66 in the entire country, Uttar Pradesh, has eight or nine.

SHRl ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: All right, Sir, I correct myself. Thank you very much, I welcome this. If there is an error on my part, I accept it. What is there? I am not here to accuse every-body. Don't think like that. My point is, I welcome this programme, the stations.
It should be implemented without discrimination, giving facilities to all

With these words, I conclude my speech.

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय रेल मंत्री जी ने जो विनियोग (रेल) संख्यांक 4 विधेयक प्रस्तुत किया है मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। भारत की संचित निधि में से अनुसूची के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट राशियों से अनधिक वे र शिया. जिनका कुल योग पांच अरब नब्बे करोड़, बयालीस लाख रुपये होता है, उन विभिन्न प्रभारों को चुकाने के लिए, जो अनुसूची के स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट रेल संबंधी सेवाओं की बाबत वित्तीय वर्ष 1986–87 के दौरान दिए जाने होंगे, दी और उपयोजित की जा सकेगी। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम माधव राव सिंधिया जी को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के इतिहास में आजादी के बाद जितने रेल मंत्री हुए उनमें सब से कम उम्र में हमारे राजीव गांधी जी ने इन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिस रेल मंत्री पद पर श्री एस.के० पाटिल, श्री हनुमन्तैय्या, श्री टी०ए० पाई, श्री कमला पति त्रिपाठी, श्री एल०एन० मिश्र जैसे देश की बहुत बड़ी जायंट पर्सनेलटीज 1947

[श्री कल्पनाथ राय]

से आज तक रहे हैं। उस पद पर श्री माधव राव सिंधिया जी को हमारे देश के प्रधान मंत्री ने मौका दिया है, यह बहुत ही भारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर दी है और हमें विश्वास है कि सिंधिया जी उसे महान उत्तरदायित्व को पूर्ण करने में राजीव गांधी जी के मन के अनुकूल साबित होंगे और हिन्दुस्तान के रेल मंत्रालय को गतिशीलता प्रदान करेंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में रेलवे सब से बड़ा पब्लिक सैक्टर अण्डर-टेकिंग है। हिंदुस्तान के सब से ज्यादा जिसमें 17–18 लाख इसके कर्मचारी हैं। वह सब से बड़ा मंत्रालय है, लेकिन न जाने विरोधी दल के नेताओं के भाषण सुनने को मिलते हैं, जितने पार्टी के जितने नेता हैं, वह सभी पिछड़े इलाकों में रेलवे लाईन चाहते हैं, मीटर-गेज को ब्राड-गेज करना चाहते हैं, हिंदुस्तान की रेलवे का आधुनिकीकरण चाहते हैं, बहुत सी रेलवे चाहते हैं। लेकिन जब रेसोर्सेज के मोबी-लाईजेशन का प्रश्न उठता है, तो उस सवाल पर वह बिलकुल चुप रहते हैं। आखिर कैसे विकास का काम होगा ?

हिंदुस्तान की रेलवे लाईफलाईन है पूरे हिंदुस्तान की अर्थ-व्यवस्था को गति-शीलता प्रदान करने के लिए। यह हिंदु-स्तान के इकोनामिक एक्टिविटी को तेज करने के लिए रेलवे को माडर्नाईजेशन करना, रेनोवेट करना, यह अति आवश्यक है। जितना ही जंक रहेगा रेलवे, उतना ही हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था भी जंक रहेगी, इसमें दो राय नहीं है।

उपसभाध्यक्ष जी, प्लानिंग कमीशन पांचवी पंच वर्षीय योजना, चौथी पंच-वर्षीय योजना तक तो 15–16 प्रतिशत रेलवे को फण्ड एलोकेट करता था माडर्नाई-जेशन के लिए, या इसके विकास के लिए, लेकिन छठी पंच वर्षीय योजना में प्लानिंग कमीशन ने 5 प्रतिशत रुपया दिया, सातवीं पंच वर्षीय योजना में केवल 6 प्रतिशत ही दिया। मैं प्लानिंग कमीशन और प्लानिंग मिनिस्ट्री से कहना चाहता हूं कि वह हिन्दुस्तान के रेलवे मंत्रालय द्वारा जो भी अतिआवश्यक सिफारिशें होती हैं, चाहे 16 प्रतिशत या 26 प्रतिशत भी रुपया देना पड़ता है, तो रेल मंत्रालय को प्लानिंग कमीशन को मनी एलोकेट करना चाहिए क्योंकि रेलवे इज प्राथर्टी सैक्टर।

रेलवे के माध्यम से हिन्दुस्तान का मल्टी-प्रांग्ड डेवेलपमेंट हो सकता है और हम इकानामी को बहुत गतिशील बना सकते हैं, लेकिन प्लानिंग कमीशन का न जाने क्या नजरिया है, क्या दृष्टिकोण है। मैं प्लानिंग कमीशन की निंदा करना चाहता हूं और प्लानिंग मिनिस्ट्री जो रेलवे मंत्रालय के साथ बिलकुल सौतेला व्यवहार कर रही है, और इसके लिए जो उचित व्यवस्था होनी चाहिए, वह नहीं कर रहा है।...(व्यवधान)...

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : प्लानिंग मिनिस्ट्री प्रधान मंत्री के पास है।

श्री कल्पनाथ राय : आप मेरी बात सुनिए...(व्यवधान)...

श्री अश्विनी कुमार : मैं आपको सुना रहा हूं। इसी बात को याद करा रहा हूं कि जब आप प्लानिंग मिनिस्ट्री की बात कह रहे हैं, तो उसकी बात बोलिए, ज्यादा अच्छा होगा...(व्यवधान)...

श्री कल्पनाथ राय : ऐसी बात नहीं है। आप जानते हैं कि बहुत से विभाग उनके पास हैं, लेकिन उसके मिनिस्टर दूसरे हैं। प्लानिंग कमीशन भी उसकी जिम्मेदारियों को देखता है। यह बात कहने से कोई...(व्यवधान)...प्लानिंग कमीशन ही जिम्मेदार है। छठी पंचवर्षीय योजना में 5 प्रतिशत रुपया एलोकेट किया, तो वह नहीं थे। सातवीं पंचवर्षीय योजना जब बनी, यह जब प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चेयरमैन बने, तो उस जमाने में एलोकेशन जो किया गया, क्यों किया गया ?

इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अंग्रेजों के जमाने में जो

रेलवे सिस्टम ईस्ट इंडिया कंपनी ने बनाया, उसका मुख्य लक्ष्य हिन्दुस्तान का शोषण था, हिंदुस्तान से कच्चा माल रेलवे के माध्यम से उठा कर मानचेस्टर और लंकाशायर को भेजना था। इस गर्ज से अंग्रेजों ने, ईस्ट इंडिया कंपनी ने रेलवे को बनाया हिंदुस्तान का शोषण और दोहन करने के लिए । उनका नजरिया बिलकुल शोषण का था। पूरे यूरोप में औद्योगीकरण, मानचेस्टर और लंकाशायर के औद्योगीकरण के लिए हिंदुस्तान के रा-मैटीरियल को वहां ले जाना और वहां के फिनिश्ड गुड्स को हिन्दुस्तान ,एशिया और अफ्रीका के देशों में भेजना ।

1947 के बाद जब देश आजाद हुआ, तो आजाद हिंदुस्तान का नजरिया है हिंदुस्तान का विकास, हिंदुस्तान के पिछड़े इलाकों का विकास । जो हिंदुस्तान का औद्योगीकरण हो रहा है, इस औद्योगीकरण के लिए फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे हैं, थर्मल पावर स्टेशन बन रहे हैं, या जो हमारे बड़े-बड़े हैवी इंजीनियरिंग प्लांट लग रहे हैं या जो हिन्दुस्तान का औद्योगीकरण हो रहा है, उन औद्योगिक इकाइयों से रेलवे को जोड़ना ,उन बिजली पावर स्टेशन से रेलवे को जोड़ना और पूरे हिन्दुस्तान की एकोनोमिक एक्टिविटी और इण्डस्ट्रियल एक्टिविटी से रेलव को जोड़ना हमारा दृष्टिकोण है । यही इसी हमारा नजरिया है और इसी नजरिये को मद्देनजर रखते हुए प्लानिंग कमीशन को हिन्दुस्तान की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए, देश की गतिशीलता के लिए हाइएस्ट मनी यानी सबसे ज्यादा पैसा रेलवे मंत्रालय को देना चाहिए । यही मैं आपसे कहना चाहता हूं ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मीटरगज, ब्रोडगेज रेलवे लाइन के बारे में हमारे प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी ने प्रधानमंत्री का पद संभालते हुए कहा था कि अनगोइंग प्रोजेक्टस का हम पहले लेंगे और उसके बाद दूसरे प्रोजेक्टस को। मैंने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा, आदरणीय सिंधिया जी को भी पत्र लिखा और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को को भी पत्र लिखा और उन लोगों ने पत्र के जवाब में कहा कि 700 करोड़ रुपया हमको इसके लिए चाहिए जो जो अनगोइंग मीटरगेज लाइन हैं, उनको ब्रोडगेज में परिवर्तन करने के लिए । लेकिन हमको केवल 150 करोड़ रुपया ही पूरे हिन्दुस्तान को ब्रोडगेज लाइन के लिए पैसा दिया है पंचवर्षीय योजना में । अब यह पांच साल के लिए दिया है 150 करोड़, जबकि मांग है 700 करोड़ रुपए की । तो प्लानिंग कमीशन का यह कैसा व्यवहार है ? रेलवे को प्रायरिटी सेक्टर माना है, जैसे पावर प्रायरिटी सेक्टर है, कोल प्रायरिटी सेक्टर है, फर्टिलाइजर प्राइरिटी सेक्टर है, इन सारे प्राईरिटी सेक्टर को गतिशील बनाने के लिए रेलवे ही लाइफ-लाइन का काम कर सकती है । प्लानिंग कमीशन का उसके प्रति क्या दृष्टिकोण है ? प्लानिंग कमीशन के सदस्यों का क्या दृष्टिकोण है ? हिन्दुस्तान में इण्डस्ट्रियल, एग्रीकल्चरल डवलपमेंट के लिए जितने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बना रहे हैं, चाहे आप एटामिक पावर प्लांट बना रहे हों या फर्टिलाइजर प्लांट बना रहे हों या बाम्बे हाईवे या गुजरात के ट्राम्बे को डवलप कर रहे हों या हेवी इंजीनियरिंग रांची को डवलप कर रहे हों या आप कोल इंडस्ट्रीज को डवलप कर रहे हों, जितनी हिन्दुस्तान में एकोनामिक एक्टिविटीज हैं, उनका को-आर्डिनेशन नहीं करेंगे, उनको नहीं जोड़ेंगे, तब तक सफल नहीं हो सकते और यह काम रेलवे मंत्रालय का काम होगा । अगर रेलवे मंत्रालय को प्राइरिटी नहीं देंगे तो कैसे आप देश को 21वीं शताब्दी में, जो आप शक्तिशाली भारत को ले जाने की कल्पना करते हैं, उस सपने को पूरा कर सकेंगे ? यह सवाल है ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, दूसरा निवेदन मुझे यह करना है कि रेलवे मंत्रालय की तरफ से, हमेशा जब भी

[श्री कल्पनाथ राय]

कोई मांग उठाई जाती है कि यह छोटी लाइन बड़ी लाइन में बदल दें तो जवाब आता है—यह लाइन इकोनोमिकल फिजिबल नहीं है, इसलिए ब्रोडगेज नहीं बन सकती। मैं आपसे कहना चाहता हूं, जब तक कोई मीटरगेज लाइन ब्रोडगेज नहीं बनेगी, तब तक वह लाइन इकोनोमिकल वायबल नहीं बनेगी क्योंकि जब तक ब्रोडगेज नहीं होगी, न तो पब्लिक सेक्टर के कारखाने उस एरिएया में बनेंगे, न प्राइवेट सेक्टर में कोई उद्योगपति वहां कारखाना खोलेगा और जब तक कारखाने नहीं खुलेंगे प्राइवेट सेक्टर में या पब्लिक सेक्टर में, एकोनोमिकल एक्टिविटी तेज नहीं होगी तो वह लाइन एकोनोमिकल वायबल नहीं होगी। इसलिए ब्रोडगेज में न बदलने वाली बात बिल्कुल गलत है। यह नजरिया बिलकुल गलत है और यह दृष्टिकोण आपका बदलना चाहिए। जब तक छोटी लाइन बड़ी लाइन नहीं बन जाती, तब तक वह एरिया कभी भी एकोनोमिकल वाइबल नहीं हो सकता, लाइन की दृष्टि से।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पूर्वी उत्तर प्रदेश, जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां पूरे केन्द्र की सरकार और पूरे राज्य की सरकार जी तोड़ कोशिश कर रही है कि वहां पर कारखाने खुलें क्योंकि सबसे ज्यादा बेकारी वहां है, सबसे ज्यादा आबादी वहां है, सबसे ज्यादा पिछड़ापन वहां है, लेकिन एक भी प्राइवेट सेक्टर में पूंजीपति वहां कारखाना खोलने के लिए तैयार नहीं है। वह खोलेगा तो फरीदाबाद में खोलेगा; गाजियाबाद में खोलेगा, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में नहीं खोलेगा। पूछा गया कि क्यों नहीं खोलेगा ? तो तर्क दिया जाता है –चूंकि वहां पर ब्रोडगेज लाइन नहीं है, वहां पर एयरपोर्ट नहीं है, वहां पर आटोमेटिक टेलीफोन एक्सचेंज नहीं है, थ्री स्टार होटल नहीं है, वहां पर इन्फ्रास्ट्रक्चर की फेसलिटीज नहीं हैं इसलिए वहां पर कोई कारखाना नहीं खोलेगा। तो देश के डेवलपमेंट के लिए और इन्फ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटीज को मजबूत बनाने के लिए रेलवे लाइन का सबसे बड़ा महत्व है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय अंतिम बात मुझे निवेदन करनी है; आदरणीय सिंधिया जी, इसी सदन के पंडित कमलापतित्रिपाठी जी, श्री केदार पांडे, श्री पी0सी0 सेठी, जितने रेल मंत्री हुए; वह यहां बयान देंगे कि फलां समय तक यह लाइन बन जाएगी और उनका बयान-बयान ही रह जाता है, कोई काम पूरा नहीं होता। ऐसा नहीं होना चाहिए। रेल मंत्री जो बयान सदन में दे, उसकी सेन्सिटी है, उसके लिए रेल मंत्रालय कमिटेड है, उसको पूरा करना चाहिए।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में, जहां कि आबादी पांच करोड़ है और पंजाब की आबादी डेढ़ करोड़ है या हरियाणा की आबादी डेढ़ करोड़ है। नागालैंड बन रहा है। गोआ, त्रिपुरा, सिक्कम, हिमाचल प्रदेश 40 लाख, 52 लाख, 20 लाख, 10 लाख, 6 लाख, 8 लाख के करीब 12 प्रांत इस समय हिन्दुस्तान में हैं और सारे प्रांतों की एक ही मांग हैं कि उन का विकास होना चाहिए। मिजोरम अलग बन गया, नागालैंड अलग बन गया और हर कोई चिल्ला रहा है कि उस का विकास नहीं हो रहा है। इस लिये सिक्किम अलग राज्य बन गया और अलग-अलग प्रांत 40 लाख से ले कर 6 लाख तक के, 12 प्रांत इस समय हिन्दुस्तान में बन चुके हैं। आप सोचिये कि नागालैंड का एक मुख्य मंत्री होगा, 20 कैबिनेट मंत्री होंगे, एक चीफ सेक्रेटरी होगा और कुल 6 लाख की पापुलेशन होगी। वह सब मिल कर उसका विकास करेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश जहां की आबादी साढ़े चार करोड़ हैं वहां बनारस मिशनरी और गोरखपुर कमिश्नरी की आबादी मिला कर 4 करोड़ की है। एक-एक

जिले की आबादी 40 लाख की है। उस गोरखपुर कमिश्नरी और बनारस कमिश्नरी को जोड़ने के लिए भटनी बनारस की छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का सरकार ने निश्चय किया था । यह लाइन 76 में एप्रूव हो गयी थी । 1976 से 1986 तक दस वर्ष हो गये । जब यह लाइन एप्रूव हुई थी तो 14 करोड़ का इस्टीमेट था आज वह बढ़कर 54 करोड़ का हो गया है । इस 54 करोड़ में 12 करोड़ रुपया विभिन्न सालों में इस के लिये मिला है, कभी दो करोड़ मिला, कभी एक करोड़ मिला, कभी डेढ़ करोड़ मिला । बाकी 42 करोड़ रुपया जब जायेगा तो यह छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का यह प्रोजेक्ट पूरा होगा और अगर यह एक दो साल में इस प्रोजेक्ट को कम्पलीट नहीं किया जा सका तो इसका इस्टीमेंट बढ़ कर 54 करोड़ से 60 ,70 या 90 करोड़ तक भी जा सकता है । तो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो यह प्रोजेक्ट बनारस और गोरखपुर डिवीजन को कनेक्ट करने वाला था और जिसके लिये पांच पांच रेल मंत्रियों ने वचन दिये हैं कि 80 में यह लाइन पूरी हो जायेगी । दंडवते जी ने कहा कि 82 में यह पूरी हो जायेगी, फिर 84 में केदार पांडेय जी ने कहा कि 85 में यह लाइन बन जायेगी, वह आज तक पूरी नहीं हुई है । उत्तर प्रदेश की 12 करोड़ आबादी में इलाहाबाद हाईकोर्ट है और उस के लिये गोरखपुर के लोग त्रिवेणी एक्सप्रेस से मीटर गेज से शाम को इलाहाबाद के लिये चढ़ते थे और सवेरे इलाहाबाद पहुंच जाते थे, लेकिन अब आधी लाइन तो बड़ी लाइन है गोरखपुर से देवरिया तक और फिर देवरिया में ट्रेन बदल कर भटनी से बनारस तक मीटर गेज की लाइन लें । तो इतनी दिक्कतें हैं, इतनी परेशानियां हैं वहां की आम जनता को जिस के कारण वहां एक घुटन का एटमास्फियर बन गया है । तो मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि मैं आपको वचन देता हूं कि जहां तक प्रधानमंत्री जी से कहने का सवाल है या किसी और से कहने का सवाल है, मैं एज ए एम पी वचन देता हूं कि जो सलाह रेलवे बोर्ड के मेम्बर देंगे उनको हम प्रधान मंत्री जी के सामने रखेंगे लेकिन आप कम से कम अपने मंत्रालय में जो वचन दिया जाये उस को तो पूरा कीजिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL); Please conclude.

श्री कल्पनाथ राय : मैं दो मिनट में समाप्त करता हूं ।

उप सभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : आप एक मिनट में समाप्त कीजिए। मैं दो मिनट नहीं दे सकता।

I will call the next speaker, if you do not conclude now *(Interruptions)*

श्री कल्पनाथ राय : मैं समाप्त कर रहा हूं । मऊ नाथ भजन में एक ओवर ब्रिज श्री गनी खान चौधरी के समय में दो करोड़ का स्वीकृत हुआ था । मैं मांग करता हूं कि आप उसको एक साल के अंदर पूरा कीजिए । आखिर में रिसोर्स मोबिलाइजेशन का सवाल पूरे देश के सामने हैं । इसके लिये सारे देश के विरोधी दलों को रेल मंत्री जी का साथ देना चाहिए । रिसोर्स मोबिलाइजेशन इनडायरेक्ट तरीके से होना चाहिए। प्लानिंग कमीशन फंड्स अलाट नहीं करता है तो रेलवे मंत्रालय को 500–600 करोड़ इनडायरेक्ट तरीके से मोबिलाइज करके विकास के काम को गति प्रदान करनी चाहिए । इन शब्दों के साथ हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारा रेलवे मंत्रालय पिछले 40 वर्ष के सारे मंत्रालयों से अच्छा बन सके, आपके कर्मचारी आपको सहयोग दें ताकि रेल मंत्री भारत को राजीव गांधी के सपनों का शक्तिशाली भारत बना कर इक्कीसवीं शताब्दी में ले जाने में मदद कर सकें इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक क समर्थन करता हूं ।

श्री अश्विनी कुमार : माननीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, रेलवे मंत्री ने 590 करोड़ का और बजट मांगा है । कल्पनाथ जी उनको बहुत देना चाहते हैं, परन्तु

(श्री कल्पनाथ राय) मुझे छोटी सी शंका है और वह यह कि आज रेल मंत्री वचन देते हैं, लेकिन उसको पूरा करने के समय वे रहेंगे ?

श्री कल्पनाथ राय : रहेंगे ।

श्री अश्विनी कुमार : मेरी बात तो सुनो । मेरी सद्भावना यही है कि वे इन कार्यों को पूरा करने के लिए रेल मंत्री के पद पर बने रहें, ऐसा न हो कि वे वचन दे दें और चले जायें ।

मेरा यही कहना है कि जनता के ऊपर इससे भार पड़ता है । मैं रेलवे मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि रेलवे की एफीशिएंसी बढ़ाने के लिए उन्होंने क्या कदम उठाए हैं । मुझे ऐसा लगता है कि उसमें बहुत गुंजाइश है और बहुत काम किया जा सकता है । जितना पैसा वे जनता से मांग रहे हैं उसे एफीशिएन्सी लाकर निकाला जा सकता है । इतनी इनएफीशिएंसी है, इतनी चोरी है, पिलफरेज हैं, वैगन के वैगन लूट लिए जाते हैं । सेक्शन तय हैं, रेल मंत्री को पता है कि किन सेक्शन्स में चोरी है । आर0पी0एफ0 और सी0 आर0पी0 का झगड़ा है, जो कि एक अलग बात है । जो पैसा निकलने के स्रोत हैं उनको रोकेंगे तो शायद बोझा कम पड़ेगा । जितना बोझा डालेंगे, उतना किराया बढ़ाना पड़ेगा, उतना डियरनेस अलाउंस देना पड़ेगा, पे कमीशन बिठाना पड़ेगा, एक विशस सर्किल चल जाता है । अगर इन सुझावों पर काम करेंगे तो रेल मंत्रालय ज्यादा अच्छा कार्य कर सकेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं आपका ध्यान बिहार प्रदेश की ओर ले जाना चाहता हूं । जनसंख्या की दृष्टि से बिहार दूसरा सबसे बड़ा प्रदेश है, परन्तु रेलवे के मंत्रालय की दृष्टि से शायद सबसे अन्तिम प्रदेश है । उससे होकर चार रेलवे लाइनें जाती हैं, नार्थ ईस्टर्न, फ्रंटियर-नार्दन रेलवे, साउथ-ईस्टर्न और ईस्टर्न रेलवे, लेकिन किसी का जोनल हैडक्वार्टर वहां नहीं है । कलकत्ता में है, गोरखपुर में है, अन्य स्थानों में है । बिहार बहुत पुराना प्रदेश है, वहां भी होना चाहिए जिससे उसका विकास हो सके । हमेशा से यह मांग रही है, लेकिन आज तक, चाहे बिहार के ही केन्द्रीय रेल मंत्री रहे हों, जायज मांग पूरी नहीं हुई, जिसके कारण डेवलपमेंट में बहुत कमी हो रही है ।

बिहार के विकास की दृष्टि से उत्तर बिहार के अन्दर छोटी-छोटी मांगें हैं, जैसे दोहरीकरण किया जाये—समस्तीपुर दरभंगा की बात बहुत समय से चली आ रही है । आन्दोलन करना पड़ा, लेकिन अभी तक समस्तीपुर-दरभंगा का प्रश्न रेल मन्त्री की नजर में नहीं आया है ।

कल्पनाथ भाई ने कहा कि विकास नहीं होता तब तक रेल मंत्रालय का ध्यान नहीं जाता । मैं रेल मंत्री का ध्यान उधर खींचना चाहूंगा । बिहार के जिस प्रदेश में कारखाने हैं, खदाने हैं वह भी रेलवे की दृष्टि से उपेक्षित है और उस उपेक्षा की ओर मैं ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । हजारीबाग में कोलियरीज के, गिरीडीह माइका के और रांची उद्योग धन्धों के केन्द्र हैं, लेकिन उनके बीच कोई लिंक नहीं है । सर्वे हुआ है, लेकिन पता नहीं गिरीडीह से लेकर रांची होते हुए हजारीबाग तक रेलवे लिंक का निर्माण पूर्ण हो पाएगा या नहीं । सैकड़ों खदानें हैं जिनका कोयला ट्रक से भेजना पड़ता है । रेल से जाता तो उसका बहुत बड़ा लाभ होता । बिहार की राजधानी पटना में रेलगाड़ी में चलें तो पटना आते-आते आप परेशान हो जाएंगे । मोकामा से लेकर बक्सर तक लाखों लोग प्रतिदिन पटना आते हैं । यह बहुत पुरानी मांग है कि इस के लिए एक लोकल ट्रेन आप दें ताकि लोग उसका उपयोग कर सकें । मोकामा से बक्सर तक का जो एरिया है वह औद्योगिक एरिया हो गया है और लाखों लोग पटना व्यापार, उद्योग और नौकरी के लिए आते हैं और शाम को लौट जाते हैं और जो आपकी लंबी ट्रेनें हैं

उनमें बहुत भीड़ हो जाती है, लोगों को परेशानी होती है । लेकिन उसकी तरफ आज तक आपका ध्यान नहीं गया है ।

श्रीमान, विकास की दृष्टि से कुछ ओवर ब्रिज बन रहे हैं । उनका जो प्लानिंग किया जाता है वह बहुत ही गलत है । आज के युग में जब यातायात के साधन बढ़ रहे हैं, बिहार में गंगा पुल बनने से पटना में यातायात की भरमार हो गई है तो आप आज भी दो लेन के पुल बना रहे हैं । राजेन्द्र नगर में तो चार लेन का है, बाकी सब दो लेन के पुल बना रहे हैं । मैंने माननीय मंत्री जी से बहुत बार आग्रह किया है कि चार लेन के पुल बनाएं ताकि वहां पर स्मूथ ट्रेफिक हो सके ।

श्रीमान्, रेलवे की प्लानिंग की दृष्टि से मैं इतना निवेदन करना चाहता हूं कि पटना में जो ओवर ब्रिज बन रहा है स्टेशन के ऊपर वह एक से चार नम्बर प्लेटफार्म तक है और 8 फीट चौड़ा बन रहा है । मैं आपको बताऊं कि जब ट्रेन आती है तो इतना धक्का लगता है कि आप उतर नहीं सकते, कम से कम 30 फुट चौड़ा बनाएं जिससे कि भीड़ आसानी से निकल सके तथा यात्रियों को सुविधा हो सके ।

श्रीमान्, पटना, धनबाद, टाटानगर, रांची सब औद्योगिक क्षेत्र हैं । इसलिए वहां पर रेलों की सुविधा की दृष्टि से बिजली और सफाई के बारे में मैंने बहुत बार कहा है । आपने पटना धनबाद में ए०सी० प्रथम श्रेणी का दिया और हटाया भी जिसका कोई काम नहीं है, आप ए०सी० 2 सलीपर दीजिए जिससे यात्रियों को सोने की सुविधा हो सके । रांची दक्षिणी बिहार की औद्योगिक इकाई है, वहां ट्रेन की सुविधा नहीं है । हजारों लोग रोज वहां से कलकत्ता नाइट बसों और डीलक्स बसों से जाते हैं, कम से कम 25 नाइट बसें वहां से चलती हैं । मैं निवेदन करूंगा कि इस कठिनाई को दूर करने के लिए आप रांची और कलकता के बीच में एक ट्रेन और चलाएं जो टाटानगर, बोकारो को टच करती जाए क्योंकि सारे इंडस्ट्रियल कैपिटल को जोड़ना आवश्यक है । ये जो औद्योगिक क्षेत्र हैं इनमें दक्षिण भारत के लोग बहुत आते हैं । आपने बोकारों से मद्रास तक 17 कोच की एक ट्रेन चलाई है जिसमें 9 डिब्बे टाटानगर से और 8 बोकारो से लगते हैं । रांची में आज बड़े-बड़े कारखाने हो गए हैं, एच०ई०सी० का कारखाना है, लेकिन रांची के लिए कोई कोच नहीं है । इसमें दक्षिण के जो लोग आते हैं उनको बहुत कष्ट होता है । रांची में दो कोच दे दें । इसलिए मैं यह निवेदन करूंगा कि रांची जो डेवलप्ड एरिया है और उसके आसपास का जो क्षेत्र है उसकी ओर भी ध्यान दें । इसी तरह से रांची से लोहरदगा मीटर गेज लाइन है, ब्राड गेज करें क्योंकि वहां बाक्साइट है और वहां से रेणुकूट जाने में भी लोगों को सुविधा होगी । लेकिन रांची का संबंध धनबाद से बहुत अधिक हो गया है जिसके लिए तीन-तीन ट्रेनों बदलनी पड़ती हैं लेकिन उसकी कोई व्यवस्था नहीं है । रांची से बम्बई तक जाने के लिए टाटा-नगर से ट्रेन लेनी पड़ती है, इसकी ओर आप ध्यान दें । रांची से दिल्ली और चंडीगढ़ तक आपने ट्रेन दी है, इसके लिए स्वागत है लेकिन मैं चाहूंगा कि रांची से आप वाराणसी को भी जोड़ सकें तो अच्छा होगा ।

श्री कल्पनाथ राय : अरे पैसा कहां से मिलेगा ?

श्री अश्विनी कुमार : पैसा बहुत मिलेगा रेलवे की ऐफिसियेंसी बढ़ाकर . . . .

(व्यवधान)

अन्त में मैं कहना चाहूंगा कि चंद्रपुरा बहुत बड़ा स्थान है जो बोकारो के पास औद्योगिक क्षेत्र के रूप में डेवलप कर रहा है । वहां पर थर्मल प्लांट है, वहां के लिए मेरी मांग है कि हाटिया, पटना नीलांचल ऐक्सप्रेस से जोड़े, इसी तरह से जम्मू हावड़ा को जो हिमगिरि ऐक्सप्रेस जोड़ती है, पटना होकर चलती है उस का नाम है हिमगिरी । इसको आप प्रतिदिन

श्री अश्विनी कुमार कर दीजिए । इससे बहुत सारी जनता को लाभ होगा ।

मेरा इतना ही और निवेदन है कि आप पैसा ले रहे हैं, लगा रहे हैं तो अच्छे काम के लिए लगायें । रेलवे की ओर से पैसा लगा रहे हैं तो इसको अच्छी तरह से प्रयोग करें ।

एक और निवेदन करना चाहता हूं कि आपको पैसे की बचत हो सकती है एक जगह से । आज भी रेलवे के अन्दर स्टीम इंजन चल रहे हैं उसके लिए बहुत कोयला खर्च हो रहा है । मेरा निवेदन है कि इन स्टीम इंजनों को खत्म करके डीजल इंजन लगाइये । इससे आपको बड़ी बचत होगी । आज जो कोयला स्टीम इंजन के नाम से जा रहा है वह काफी हद तक कोयला रेलवे के डिपार्टमेंट के लोगों के घर में काम आता है । यदि आप स्टीम इंजन को समाप्त कर दें तो आपको शायद करोड़ों रुपये की बचत हो सकती है । एक-आध लाइन और आप निकाल सकते हैं । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

श्री नरेश सी० पुगलिया (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, रेलवे विभाग के माध्यम से जो रेलवे विनियोग विधेयक आया है इस पर चर्चा करते हुए मैं माननीय रेलवे मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र की कुछ बातों की तरफ ले जाना चाहता हूं ।

देश के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में इस रेलवे डिपार्टमेंट का बहुत बड़ा योगदान रहा है । जहां-जहां रेलें गई हैं वहां-वहां काफी पैमाने पर विकास हुआ है । लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज भी इस देश में ऐसे कई जिले हैं खासकर जहां हमारे पिछड़े हुए, आदिवासी लोग रहते हैं वहां पर आज तक भी रेलवे लाइन नहीं पहुंची है । रेलवे लाइन न पहुंचने से न वहां पर आर्थिक विकास हुआ है, न शैक्षणिक विकास हुआ है और न वहां आदिवासी भाई शहरों की संस्कृति को जानते हैं, न शैक्षणिक सुविधाएं उनको प्राप्त हैं । इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए इस महत्वपूर्ण विभाग को जबकि एक ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के हाथ में यह विभाग है जिससे इस देश की जनता को काफी अपेक्षाएं हैं, इस ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए । आपने पिछले 6 महीने के अन्दर रेलवे में जो सुधार लाया है उसको मद्देनजर रखते हुए मैं यह कहना चाहूंगा कि इस देश की शोषित, पीड़ित और पिछड़ी जनता के लिए कोई क्रांतिकारी कदम नहीं उठाया है । आज तक वहां रेलवे लाइन नहीं पहुंच सकी है । मैं उदाहरण देना चाहूंगा कि हमारे महाराष्ट्र में जिस प्रकार से विदर्भ का चन्द्रपुर हिस्सा है उसी तरह से एक और गांव है गडचिरोली जहां 90 परसेंट आदिवासी लोग रहते हैं । लंगोटी लगातार बांधे रहते हैं । जहां फारेस्ट और मिनरलस इतनी बड़ी तादाद में हैं कि वर्ल्ड में सैकिण्ड नम्बर का टीक वुड वहां होता है लेकिन वहां की जनता ने न शिक्षण सुविधाएं पाई हैं, न रेल गाड़ियां देखी हैं, न इंजन को देखा है । मेरी आपसे विनती है कि देश में जो ऐसे पिछड़े हुए जिले हैं वहां पर रेल लाइन पहुंचाने के लिए आपको कोई न कोई क्रांतिकारी कदम उठाना पड़ेगा । और यह तब तक नहीं होगा जब तक आपको प्लानिंग कमीशन या वित्त विभाग पैसा नहीं देता । लेकिन मेरा निवेदन यह है कि अगर हम दूसरे विभाग के माध्यम से पैसा लेना चाहेंगे तो गलत होगा । आपको अपने आप से ही कुछ करना होगा । आपने एक नई स्कीम निकाली है । रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन के माध्यम से 250 करोड़ रुपये के बांड निकाले जा रहे हैं । इससे इलेक्ट्रीफिकेशन और दूसरे काम आप हाथ में ले सकते हैं । मेरी विनती है कि हर राज्य में जो पिछड़े हुए जिले हैं उन राज्य सरकारों से आप कहें कि वे अपने यहां रेलवे लाइन का जाल फैलाने के लिए अपने माध्यम से इस प्रकार के बांड जारी करें । हमारे महाराष्ट्र में मराठवाड़ा, कोंकण और दूसरे जिले हैं वहां पर रेलवे लाइन बिछाने के लिए जितने बजट की जरूरत है, जितना खर्चा चाहिए उस खर्चे के लिए रेलवे बांड निकाल कर राज्य सरकार की मदद ली जाए, लोक प्रतिनिधियों की मदद ली जाए । इस तरह से एक बड़ा क्रांतिकारी कदम रेलवे विभाग के माध्यम से उठाना चाहिए । मैं आपसे कहना चाहूंगा कि वहां पर गडचिरोली जिले में लाइम स्टोन है, फोरेस्टस है और दूसरे कई प्रकार के मिनरल्स हैं और 400 करोड़ का स्पंज आइरन का प्रोजेक्ट आने जा रहा है । वहां पर उद्योगपति तथा पब्लिक सेक्टर वाले इसलिए नहीं जाना चाहते कि वहां पर ले रेलवे लाइन नहीं है । वहां पर 250 टन का कागज का

कारखाना मंजूर हो गया था और किसी उद्योगपति को उसका लायसेन्स भी मिल चुका था, लेकिन उनकी शर्त यह थी कि जब तक वहां पर रेलवे लाइन नहीं देंगे तब तक वहां कारखाना नहीं लगेगा। मेरी रेलवे मंत्री जी से विनती है कि विदर्भ का क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। बलारपुर से सुरजागढ़ का रेलवे लाइन का सर्वे हो चुका है और इसकी योजना आपके विचाराधीन है। आप यह बलारपुर से सूरजागढ़ का काम चलाइये ताकि वहां पर कागज का कारखाना लग सके और हमारे आदिवासी भाइयों का आर्थिक और शैक्षणिक विकास हो सके।

दूसरी बात मैं आपके ध्यान में यह लाना चाहूंगा कि हमारे यहां जबलपुर टू गोदिया और गोदिया टू चन्द्रपुर तक मीटरगेज लाइन चलती है। यह बहुत पुरानी लाइन है। हमारे मुख्य मंत्री जी ने और लोक प्रतिनिधियों ने इस संबंध में रेल मंत्रालय से सम्पर्क भी किया है, लेकिन आज तक भी इसको ब्रोडगेज लाइन में परिवर्तन करने की कोई योजना नहीं बनाई गई है। मैं चाहता हूं कि आप इस पर भी विचार करें। इसी प्रकार से जबलपुर से सतपुड़ा एक्सप्रेस चलती है जो गोदिया तक जाती है। इस पर भी ब्रोडगेज का काम नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि जब तक इसको ब्रोडगेज में नहीं बदला जाता है तब तक इस नेरो गेज सतपुड़ा एक्सप्रेस को आप गोदिया से चन्द्रपुर तक बढ़ाने की कोशिश कीजिये। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे यहां महाराष्ट्र में सेवाग्राम से बम्बई एक एक्सप्रेस गाड़ी छोड़ने की घोषणा हमारे पिछले रेल मंत्री श्री गनी खान चौधरी जी ने की थी जो सेवाग्राम से बम्बई को जाएगी। आप जानते हैं कि सेवाग्राम का अपना बड़ा महत्व है। बापू जी के सेवाग्राम से यह गाड़ी चलाने की घोषणा हमारे मंत्री जी ने की है। अगर मंत्री जी को घोषणा पर अमल नहीं होता है तो यह गलत है। मैं यह कहना चाहूंगा कि मंत्री जी के सेवाग्राम एक्सप्रेस का जो प्रापोजल है उसको गोदिया से वर्धा तक और बलारपुर से वर्धा तक ट्रेनों से जोड़ा जाय। बलारपुर से इसको जोड़ने से आन्ध्र प्रदेश के तीन चार डिस्ट्रिक्ट इसमें आ जाएंगे और गोदिया से जोड़ने से मध्य प्रदेश के दो तीन जिले इससे कवर हो जाएंगे। इस प्रकार से आपको सेवाग्राम एक्सप्रेस को शुरू करने के लिए जल्दी से जल्दी काम शुरू करना चाहिए।

चौथी चीज जिसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि वह यह है कि महाराष्ट्र में रेलवे डिपार्टमेंट की सेन्ट्रल रेलवे का चौला विद्युत केन्द्र कल्याण के नजदीक बम्बई से लगा हुआ है। यह थर्मल पावर स्टेशन है जिसक निर्माण सन् 1929 में जी० आई० पी० रेलवे द्वारा किया गया था। उसकी क्षमता 136 मेगावाट है। लेकिन वहां अब कम होते होते 30–35 मेगावाट रह गई है। महाराष्ट्र सरकार ने बार-बार यह कहा है कि रेलवे को इसका आधुनिकीकरण करना चाहिए और यहां पर नये संयंत्र लगाने चाहिए : सन् 1979–80 में और 1985 में इसके लिए बजट में भी प्रावधान किया गया था। लेकिन अब यह कहा जा रहा है कि इसको बन्द करना पड़ेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपका रेलवे विभाग 45 से 50 मेगावाट बिजली लेता है और यहां पर 30–35 मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है। महाराष्ट्र सरकार ने आपसे कहा है कि अगर इस बिजली केन्द्र में 210 मेगावाट के नये संयंत्र लगा दिये जायें और इसके लिए केन्द्रीय सरकार या प्लानिंग कमीशन धन दे तो महाराष्ट्र सरकार इसको चलाने के लिए तयार है। मेरी आपसे विनती है कि सातवीं और आठवीं पंचवर्षीय योजना में सेन्ट्रल रेलवे को 90 से 130 मेगावाट बिजली की जरूरत होगी और बाकी बिजली महाराष्ट्र सरकार का विद्युत बोर्ड खरीदने के लिए तैयार है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप यहां पर 210 मेगावाट का संयंत्र लगाइये।

इसके साथ-साथ मैं आपसे यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि मद्रास से दिल्ली की ओर और दिल्ली से मद्रास की जो ट्रेनें चलती हैं उनमें अच्छे-अच्छे डिब्बे होते हैं और उनमें अच्छा से अच्छा सुविधाएं भी होती होंगी। लेकिन कलकत्ता से बम्बई का और जो ट्रेन चलती हैं, चाहे वह हावड़ा-बम्बई मेल हो, चाहे हावड़ा-बम्बई एक्सप्रेस हो, उनमें बाथ रूम्स गन्दे होते हैं, और गन्दी बोगियां लगाई जाती है। और महाराष्ट्र की जनता तथा जो बीच में मध्यप्रदेश जैसे दूसरे स्टेट आते है उनकी जनता कहती है कि हमारे लोक-प्रतिनिधि, हमारे एम० पी०, हमारे लोक सभा के सदस्य, हमारे राज्य सभा के सदस्य क्या करते हैं। साउथ को दिल्ली से चलने वाली

[श्री नरेश सी० पुगलिया]

बोगियां हैं वे अच्छी होती हैं लेकिन कलकत्ता से बम्बई चलने वाली गाड़ियों की जो बोगियां होती हैं वे गंदी क्यों की जाती हैं? मैं मंत्री महोदय से खासतौर से कहना चाहता हूं कि अगर महाराष्ट्र के बारे में आपके दिल में नाराजगी है या आपके डिपार्टमेंट के दिल में नाराजगी है तो उसको निकाल दें। आपके डिपार्टमेंट को सबसे ज्यादा रेवेन्यू महाराष्ट्र देता है। बम्बई के अन्दर जिस प्रकार आपकी लोकल ट्रेन की परिस्थिति है उसको अगर आप देखेंगे और अभी मेरे पूर्व वक्ता हमारे विश्वजित सिंह जी ने भी कहा है और मैं भी कहना चाहूंगा कि जिस बोगी की कैपेसिटी 80 है उसमें तीन सौ चार सौ लोग आते है। ऐसी हालत में आपको बम्बई के विषय में, वहां की लोकल ट्रेनों के विषय में सोचना होगा।

दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि (समय की घंटी)...

मैं दो मिनट लूंगा। हमारे नागपुर के नजदीकफाक्स पच्चाई ओवर बनाने का प्रस्ताव था और श्री गनी खान चौधरी जी ने उसका उद्घाटन भी किया। लेकिन दो, ढाई साल में किसी प्रकार का कोई काम नहीं हुआ। मैं आशा करता हूं कि इस ओर भी आप ध्यान देंगे। मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय मेरी बातों को ध्यान से सुन रहे होंगे। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि दिल्ली से मद्रास की ओर, साउथ की ओर जो ट्रेनें चलती है उसमें एक जयन्ती जनता एक्सप्रेस नाम की ट्रेन भी चलती है। वह चन्द्रपुर सिटी जो कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर है, वहां पर उसका स्टापेज नहीं है। इसलिये मेरी मांग है कि वहां पर इसका स्टापेज बनाया जाय। चन्द्रपुर के लिये रेलवे के एक्सपेंशन के संबंध में जो फंड मंजूर हुआ है, इसके लिये जो बजट में प्राविजन किया गया है यह फंड दूसरी ओर प्राइवेट किया जा रहा है। मेरा निवेदन है कि वह न करते हुए इसके लिये बजट में जो प्राविजन किया गया है उसके अनुसार स्टेशन के निर्माण का कम जल्दी से जल्दी शुरु किया जाय।

अब मैं कुछ कामगार भाइयों के बारे मे कहना चाहूंगा। नागपुर डिवीजन में ऐसे कर्मचारी थे जिनकी मृत्यु हो चुकी है। क्लास थ्री और क्लास फार्थ के जो कर्मचारी थे उनके जो बच्चे हैं, पत्नी हैं उनको रेलवे विभाग में नौकरी देने का प्रावधान है। लेकिन ऐसे सैकड़ों लड़कों और औरतों के मामले पिछले साल से डिवीजन में पेंडिंग हैं। उसमें किसी प्रकार की हलचल नहीं है। उनकी बात को मद्देनजर रखते हुए उनका भी तेजी से निपटारा किया जाय। महोदय, जो जी० टी० एक्सप्रेस चलती है, दिल्ली से मद्रास की ओर, तो जब बल्लारशाह और नागपुर के बीच पैसेंजर चलती थी तो गाड़ी में ही रिजर्वेशन की व्यवस्था थी लेकिन पिछले एक महीने से हमारे डिवीजन कमर्शियल सुपरिटेन्डेन्ट ने यह योजना बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि नागपुर के प्लेटफार्म में फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व्ड क्यू में खड़े होने से रिजर्वेशन मिलेगा। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि बल्लारशाह, चन्द्रपुर और वर्धा के पैसेंजर क्यू में जाकर पहले कैसे खड़े हो सकते हैं। नागपुर से चढ़ने वाले पैसेंजर पहले वहां पर खड़े होंगे। इससे जो 150 किलोमीटर दूर से आने वाला व्यक्ति होगा उसको चांस नहीं मिलेगा। इस प्रकार के कोई निर्णय अगर कोई अधिकारी अपनी मर्जी से लेते है तो इस पर भी रेल मंत्रालय को सोचना पड़ेगा कि इसका जनता पर क्या असर पड़ेगा।

मंत्री महोदय से मैं कहना चाहता हूं कि आपने फूड पैकेट देने की रेलों में जो योजना बनाई हैं, खासकर गंदी थालियां जिनमें आज तक खाना खाना पड़ता था उसकी जगह पर अब सिल्वर पैकेट लाकर आपने अच्छा कदम उठाया है। आपने कई योजना रेलवे में सुधार की दृष्टि से शुरू की हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि उसको इम्प्लीमेंट करने के लिय रेलवे डिपार्टमेंट और रेल मंत्री विचार करेंगे। इतना कहते हुए जो आपके रेल विभाग का अनुपूरक मांगें हैं उनका मैं समर्थन करता हुं और अपनी बात को समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Shri T. R. Balu. Before you speak, I must request you to be brief because there is a statement by the Minister.

. **SHRI T. B.** BALU (Tamil Nadu): At the outset, I share the feelings of the Members from Tamil Nadu expressed in both the Houses, with regard to commissions and step-motherly attitude of the~ Ministry of Railways. (Every now an0 then, the Central Government is coming forward with fiesh proposals to extract money from the public and exploit it by way of increasing tariff and fares. But at the same time, the Government is not at all delivering the goods to the masses properly or proportionately. Here, I am having a letter sent by the Modurai Ramnad Chamber of Commerce which says:

"The Government is aware that the Railways have allotted Rs. 7. 2 crores for Karur-Diadigul-Madurai- Muniya-chi-Tuticorin new Broad Gauge line for the year 1986-87. This amount is supposed to be utilised for the residual works between Tirunelveli-Miiavittan Parallel line, a small amount for minor works between Dindigul and Madurai and the major portion of the funds to be used for the section between Karur and Dindigul. The earthwork construction of bridges etc. have been completed up to 80 j/er cent and Broad Gauge track has already been laid from Karur to Palayam.

It is reliably understood that permanent way materials particularly rail required for the section from Palayam to Dindigul will not be made available to this new line since they are being procured and supplied for the Railway Maintenance works on top priority. As such, the funds earmarked for permanent way materials to be procured for the section from Palayam to Dindigul can best be used to take up Dindigul-Madurai section immediately during the current financial year i. e. 1986-87 itself. If the ban is imposed for taking up Dindigul-Madurai "section, we are afraid that it may take very long time for the Project to be materialised up to Madurai leave alone up to Mani-yachi to complete the entire Project-from Karur to Tuticorin: "

Sir, this project has been sanctioned during 1982, when the foundation 'stone was laid. Six years have gone by. But ' nothing has materialised. In this context, I would request the hon. Minister to kindly remove the ban which has been imposed by the Railway Board, on the Madurai-Dindigul section immediately and see that the proiect is taken up and completed early.

I would like to point out another thing here. This is in regard to the MRTS, the Mass Rapid Transit'System pertaining to Madras. It is proposed to connect Madras Beach and Luz in the first phase. But the work is going on at a snail's pace. This scheme is to be completed by 1990. But it is not getting enough and adequate funds and the work has been stopped by the Railway Board. The Budget has pro-vided only Rs. 4 crores. But on the other •hand, in the case of the Calcutta Scheme, they have provided Rs. 25 crores. Is it not a stepmotherly attitude? I, therefore, would request the Railway Minister to kindly look into this matter and see that the scheme is moved further.

Then, I would also request the hon. Minister to reintroduce this train service on the Maunargudi-Nidamangalam section. This is in Tanjore district. This was stopped ten years back. This was done on the ground that the revenue earned on this line was meagre. But now, after ten years, the population has increased and other resources have also improved. Therefore, I would request the hon. Minister to reintroduce the train service on this line early so that the railways will be able to earn more revenue.:

I would also like to suggest the hon. Minister to introduce fibre glass to the carriages of the trains instead of stainless steel in the construction of lavatories and in the case of other parts where corrosion may occur. If we use fibre glasses, it w; ll be economical and you wilK be able to reduce the rising cost in regard to construction of bogies.

[Shri T. R- B alu -

I would also lequest the hon. Minister to kindly introduce, and provide medical -units in the G. T. Express Tamil Nadu Express and other super fast trains from Tamil Nadu for the benefit o£ jpassengers.

While concluding, I would like to point out that the Railway Ministry is rather using the department as a main weapon to introduce Hindi in Tamil Nadu and we strongly condemn this imperialistic attitude of the Government. I would like to caution that we will never allow Hindi in any manner or in any form, to enter into Tamil Nadu. Here, I would like to point out that when We entrain, we find that only Hindi words are used as instructions to the passengers. I request the Railway Minister to kindly introduce regional languages in the bogies and with that I conclude.

Thank you,

PAPERS LAID ON THE TABLE—, *Contd.* ..

Notification of the Ministry ©tf Finance (Department of Revenue) and Related Papers*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir on behalf of Shri B. K. Gadhvi. I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Ministry of Finance (Department of Revenue) Notification No. 453(86- Central Excise's, dated the 20th November, 1986, amending Notification No. 223|S6-Central Excises, dated the 3rd April, 1986, to restrict the excise duty exemption available to woven sacks • of polymers of ethylen or propylene or a combination thereof only if such sacks are manufactured on flat knitting looms, together with an Explanatory Memorandum thereon.

STATEMENT BY MINISTER—RE: objectionable Maps Distributed by the Pakistani Pavilion at India International Trade Fan- 1986. .....

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): Sir, Hon'ble Members are aware that the Pakistani pavilion at the 7th India International Trade Fair distributed a tourist guide and a brochute entitled. "Pakistan-, Northern Areas" containing Maps which vhowed Jammu and Kashmir in an unacceptable manner.

As soon as this came to the notice ot Government, the Minister in the Pakistan Embassy was summoned to the Ministry of External Affairs on 19 November, 1986 and a protest lodged. It was pointed out that the distribution of such objectionable material violated Indian law and was in 'contravention of accepted diplomatic practice. In conveying Government's displeasure over this incident, it was made clear to the Pakistani official that the objectionable material be immediately withdrawn.

The Ministry of External Affairs was assured that the maps had been withdrawn.

Instructions have also been issued to the' concerned authorities to ensure that, if any effort is made again to distribute such material, action under the relevant provisions of the law is instituted.

SHRI MOSTAFA BIN QUASEM (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, S'r, it is a very serious matter involving a very important aspect of our national interest and I think it should be viewed in its right perspective by the Government of India. Sir, the map was contained not in a booklet published by some private agency or private publishing house in Pakistan, it was contained in the official tourist guide of the Government of Pakistan. I do not believe that it is an act ot mistake on their part. It is a deliberate cartographical impertinanee committed by the Pakistani authorities. It should be viewed like that. My information goes and it appeared in the press that this map, this objectionable map, caine out in the tourist guide published in the 1985 edition of the tourist guide published by the Pakistan Tourism Development Coi poration. May I know from the Minister